# खुले ट्रांसफार्मर बन रहे जान का खतरा

**खास बातें**
- सड़क किनारे खुले में ट्रांसफार्मर दुर्घटनाओं को दे रहे निमंत्रण
- बिना तार फेंसिंग के रख रखाव से बन रहे हालात

**नवभारत न्यूज**
**कुरवाई 18 अगस्त, मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ( एमपीईवी ) की लापरवाही आमजन पर भारी पड़ सकती है.सड़क किनारे नगर में रखे गए ज्यादातर बिजली ट्रांसफार्मरों की विभाग ने तार फेंसिंग नहीं कराई है.कई ट्रांसफार्मर तो इतने नीचे रखे हैं, जिनमें हाई वोल्टेज करंट दौड़ता है.जगह-जगह ऐसे बिजली ट्रांसफार्मरों के कारण हादसे होते रहते हैं.फिर भी बिजली विभाग मामले का संज्ञान नहीं ले रहा है.**



बारिश का मौसम चल रहा है, ऐसे में सार्वजनिक स्थानों पर खुले में रखे ट्रांसफार्मर तथा बिना तार फेसिंग के ट्रांसफार्मरों के कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है. नगर में 10 से 15 स्थानों पर ट्रांसफार्मर जमीन रखे हुए हैं, जिनकी फेंसिंग नहीं की गई है. इनसे हर वक्त हादसे का डर बना रहा है.शहर में कई स्थान ऐसे भी हैं, जो अति व्यस्ततम हैं.इन स्थानों पर रखे ट्रांसफार्मरों के आसपास हमेशा लोग रहते हैं.कई जगह ठेले वालों ने ट्रांसफार्मरों के साथ व नीचे दुकानें लगा रखी हैं.ऐसे में दुकानदार व ग्राहक दोनों की जान खतरे में रहती है. जमीन पर रखे ट्रांसफार्मरों और खुले तारों से सबसे ज्यादा खतरा छोटे बच्चों को है. बिना तार फेंसिंग इनके पास से गुजरने में भी खतरा रहता है. सड़क किनारे लगाए गए ट्रांसफार्मरों से कई बार वाहन भी टकरा जाते हैं, जिससे उनमें आग भी लग जाती है ।बारिश के मौसम में तो समस्या और भी ज्यादा गंभीर हो जाती है.नमी के कारण जमीन में करंट उतर आता है, जिससे कई बार हादसे हो चुके हैं.कई पशु भी करंट लगकर मर चुके हैं.इसके अलावा नगर में बिजली के तारों की हालत भी बेहद जर्जर हैं.हल्की सी हवा में अक्सर बिजली के तार टूट जाते हैं.

### इन स्थानों पर बिना तार फेंसिंग के रखे हैं ट्रांसफार्मर

शहर मे खुले तारों के साथ रखे ये ट्रांसफार्मर अनंते बब्बा हनुमान गंज, आजाद चौक जैसे अनेक स्थानों पर बिल्कुल सडक किनारे पर ये ट्रांसफार्मर रखे हैं और खंबो पर लगे बिजली मीटर के तार पूरी तरह से खुले हुए हैं. इसके अलावा ट्रांसफार्मरों की फेंसिंग नहीं की गई है.कई जगह खंभों पर बेहद नीचे ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं तथा इनके तार भी नीचे लटके रहते हैं.

### ट्रांसफॉर्मरों को जाली फेंसिंग कर देंगे कवर्ड- उपयंत्री

मदन अहिरवार उपयंत्री विद्युत मंडल कुरवाई ने बताया कि विभाग द्वारा नगर में रखें सभी ट्रांसफार्मरों का सर्वे कर लिया है.जहां जैसी भी आवश्यकता है.वहां पर बहुत जल्द ही इन ट्रांसफॉर्मरों को जाली फेसिंग द्वारा कवर्ड कर दिया जाएगा.

# केन्द्रीय वैज्ञानिक ने देखीं क्षतिग्रस्त फसलें

## कृषि मंत्री के संज्ञान के बाद दल के सदस्यों ने लिया जायजा



**नवभारत न्यूज**
**विदिशा 18 अगस्त**, विदिशा जिले में असामयिक हुई वर्षा उपरांत रासायनिक दवाईयों के प्रयोग से क्षतिग्रस्त हुई खरीफ फसलों की शिकायते केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के संज्ञान में आने पर उन्होंने गत दिवस क्षेत्र के भ्रमण के दौरान खेतो में पहुंचकर क्षतिग्रस्त फसलों का जायजा लिया और पीडित किसानों का ढांढस बंधाते हुए कहा कि फसलो की तबाही होने पर नकली दवा कंपनियों पर सख्त कार्यवाही होगी और उन्होंने केन्द्रीय वैज्ञानिक दलो को खेतो में भेजकर क्षतिग्रस्त होने के कारणो का आंकलन कराने से आश्वस्त कराया था.

केन्द्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चैहान के निर्देशो के अनुपालन में सोमवार को केन्द्रीय व राज्य स्तरीय कृषि वैज्ञानिक सात सदस्यीय दलो ने छीरखेडा एवं सेमरा में भ्रमण कर पीडित कृषकों के खेतो में पहुंचकर फसलो की क्षति का आंकलन किया है. विदिशा विधायक श्री मुकेश टण्डन ने वैज्ञानिको से कहा कि वे हरेक पीड़ित कृषक के खेत में जरूर पहुंचे और बाजिव वस्तु स्थिति अपनी रिपोर्ट में उल्लेख करें. विधायक श्री टण्डन ने ग्राम छीरखेडा में पीड़ित कृषक श्री भगवान सिंह और श्री उधम सिंह के खेत में कृषि वैज्ञानिको को साथ में लेजाकर सोयाबीन की फसल में हुई क्षति का जायजा लिया है और रासायनिक दवाईयो के प्रभाव से फसल में हुई क्षति तथा असरविहिन दवाओं के विक्रय से पीडित किसानो को राहत दिलाए जाने के तमाम प्रबंध सुनिश्चित कराने की प्रक्रिया सुनिश्चित की जा रही है. वैज्ञानिक दलो में अटारी आईसीएआर जोन 9 जबलपुर के डायरेक्टर डॉ एसआरके सिंह, डीडब्ल्यूआर जबलपुर के डायरेक्टर डॉ जेएस मिश्रा, रायसेन के कृषि वैज्ञानिक डॉ स्वप्निल दुबे, इन्दौर के कृषि वैज्ञानिक डॉ अरूण शुक्ला तथा एनआईएसआर इन्दौर के डॉ संजीव कुमार, आईआईएसएस भोपाल के डॉ प्रभात त्रिपाठी एवं आईआईएसएस भोपाल के सीनियर साइंटिस्ट डॉ बीपी मीना दल में शामिल है. कृषि वैज्ञानिक दलो के साथ किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक केएस खपडिया समेत विभागीय अन्य अधिकारी तथा खण्ड स्तरीय अधिकारी साथ-साथ मौजूद रहें वहीं पीड़ित कृषकबंधु ने अपनी समस्याओं को सांझा किया है.

**एक नजर में**

### 13 सितंबर को लगेगी नेशनल लोक अदालत

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जाकिर हुसैन के मार्गदर्शन में न्यायालय सभागार में आगामी नेशनल लोक अदालत (13 सितंबर) की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई.बैठक की अध्यक्षता नोडल अधिकारी विशेष न्यायाधीश जी.सी. शर्मा ने की। इसमें मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण की पीठासीन अधिकारी एवं जिला न्यायाधीश कंचन सक्सेना, न्यायाधीश राजेश शर्मा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नितेन्द्र सिंह तोमर सहित अधिवक्तागण मौजूद रहे. बैठक में बताया गया कि नेशनल लोक अदालत में आपसी सहमति से विभिन्न प्रकार के प्रकरणों का निपटारा किया जाएगा. इनमें बैंक वसूली, बिजली बिल संबंधी विवाद, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, भूमि व मकान से जुड़े विवाद, पारिवारिक एवं वैवाहिक प्रकरण, चेक बाउंस, श्रम विवाद तथा अन्य सिविल और आपराधिक प्रकृति के समझौता योग्य मामले शामिल रहेंगे.



# प्रोग्रेसिव पेंशनर्स यूनियन ने विधायक को दिया मांग पत्र

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा,** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स यूनियन के जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश चतुर्वेदी तथा तहसील अध्यक्ष रमेश जाट के नेतृत्व में पेंशनर्स यूनियन से जुड़े रिटायर्ड कर्मचारी अधिकारियों ने गंजबासौदा विधायक हरि सिंह रघुवंशी को 8 सूत्रीय मांग पत्र दिया तथा मांगे पूरी करने की बात कही श्री रघुवंशी ने कहा की उनकी जायज मांग को पूरा करने हेतु में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से चर्चा कर आपकी भावनाओं से अवगत कराऊंगा इस अवसर पर बड़ी संख्या में रिटायर्ड अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे.

# सेंट्रल बैंक एटीएम में बंद रहने से गई गाय की जान

**नवभारत न्यूज**
**सांची**,नगर में आवारा पशुओं की समस्या ने एक बार फिर प्रशासन और बैंक प्रबंधन की लापरवाही उजागर कर दी है.रविवार को सेंट्रल बैंक के एटीएम में बंद हो जाने से एक गाय की मौत हो गई.जानकारी के अनुसार शनिवार को गाय एटीएम के अंदर घुस गई थी और गेट बंद हो गया.बाहर निकलने का रास्ता न मिलने से वह रातभर अंदर फंसी रही.रविवार सुबह तक बिना पानी और चारे के रहने से उसकी मौत हो गई.एटीएम के पास स्थित होटल संचालक राजेंद्र जैन ने बताया कि उन्होंने सुबह मृत गाय को देखा और तुरंत बैंक प्रबंधन को सूचना दी.इसके बाद बैंक कर्मियों ने एटीएम खोलकर गाय को बाहर निकाला.




स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पहले एटीएम में सुरक्षा गार्ड तैनात रहते थे, लेकिन लंबे समय से यह व्यवस्था बंद होने के कारण एटीएम भगवान भरोसे चल रहे हैं.खाली पड़े एटीएम अब आवारा पशुओं का ठिकाना बन चुके हैं.यह घटना न केवल बैंक प्रबंधन की लापरवाही को दर्शाती है, बल्कि नगर में बढ़ती आवारा पशुओं की समस्या पर भी गंभीर सवाल खड़े करती है.आए दिन ये बेजुबान पशु कभी सड़कों पर हादसों का शिकार हो रहे हैं तो कभी इस तरह की घटनाओं में जान गंवा रहे हैं, जबकि प्रशासन अब भी बेखबर है.

# ग्राम जरतोली में चल रही सात दिवसीय भागवत कथा

## मानव का सबसे बड़ा लक्ष्य भगवान के चरणों में प्रीत

**नवभारत न्यूज**
**पठारी, ग्राम जरतोली में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथा में पंडित नरेश शास्त्री ने आज कथा में बताया की मानव जीवन का धर्म है.**

भगवान के चरणों में प्रीत हो ,साधु ,संतों की सेवा ,गौ सेवा, अतिथि सेवा, तथा जीवन में सत कर्म होना चाहिए , तीर्थ यात्रा , जमुना स्नान ,गंगा स्नान ,सूर्य उपासना , ऐसा जो भी करता है उसका जीवन सुख मय, तथा आनंदित हो जाता है ,पंडित नरेश शास्त्री ने कथा में बताया कि ठाकुर जी से जब जीव का संबंध बन जाता है , कोई भी संबन्धन हो जिस प्रकार सुदामा जी महाराज ने भगवान को अपना मित्र बनाया तो भगवान के अपने मित्र सुदामा को आपार प्रेम दिया



तथा अपार संपत्ति दी, पर सुदामा जी महाराज तो श्री कृष्ण के सच्चे प्रेमी ,सच्चे सखा थे , आपार धन होते हुए भी सुदामा जी महाराज ने भजन करना नही छोड़ा , इसीलिए तो भगवान कहते है निर्मल भक्त जो है वो भक्त मुझे अति प्रिय है ,जीव को कर्म करना चाहिए ,पर कर्म के फल की आशा नही कराना चाहिए. कथा पढ़ने व सुनने से जीवन में पीड़ा से मुक्ति मिलती है और जीवन जीने जीने की युक्ति मिलती हैं.कथा श्रवण करने मात्र से कई जन्मों के कष्टों से मुक्ति मिलती है.ईश्वर को पाने के लिए मंदिर में भटकने की जरूरत नहीं है. वो सभी जगह विराजमान है.

# कुशाभाऊ ठाकरे महाविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम तहत हुआ पौधरोपण

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा**,कुशवाहा ठाकरे महाविद्यालय ग्राम सुआखेड़ी विदिशा के महाविद्यालय परिसर में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के संचालक, शिक्षक एवं छात्रों द्वारा प्रधानमंत्री अभियान एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण किए गए जिसमें गूगल,नीम,आम, पीपल, अमरूद के लगभग 21 पौधों को एक साथ लगाया गया वृक्षारोपण पर महाविद्यालय के संचालक आनंद शरण ने बताया कि व्यक्ति को अपने जीवन में हर वर्ष एक पौधा जरूर लगाना चाहिए महाविद्यालय के सभी छात्राओं को हम शिक्षा के साथ वृक्षारोपण करने के लिए भी प्रेरित करते हैं महाविद्यालय के एक हिस्से को हम विद्यावान के लिए तैयार किया जा रहा है जिसमें प्रतिवर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक अनिल श्रीवास्तव ,राहुल विश्वकर्मा, राजकुमार अहिरवार,



जय दीक्षित, धनराज अहिरवार ,देवेंद्र कुशवाहा जितेंद्र वर्मा एवं छात्र छात्राओं के साथ महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया जाता है.

# लोकतंत्रक रक्षक सेनानी का किया सम्मान

**नवभारत न्यूज**
**कुरवाई,** लोकतंत्र रक्षक सेनानी रतिराम साहू का सम्मान उनके निज निवास पर राजस्व अधिकारियों द्वारा किया गया. स्वास्थ्य ठीक न होने के कारण अधिकारी उनके घर पहुंचे और सम्मानित किया.इस अवसर पर अधिकारियों ने लोकतंत्र की रक्षा में उनके योगदान को याद किया और आभार व्यक्त किया. यह सम्मान समारोह लोकतंत्र रक्षक सेनानियों के प्रति सरकार और समाज की श्रद्धा और सम्मान को दर्शाता है. इस पहल की सराहना करते हुए लोगों ने कहा कि यह उनके बलिदान और संघर्ष को सही मायने में



पहचान दिलाने का एक महत्वपूर्ण कदम है.

# नगर में भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**नवभारत न्यूज**
**सांची, आज दोपहर से अचानक हुई तेज बारिश ने नगर का जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया.देखते ही देखते सड़कों पर पानी लबालब भर गया, जिससे लोगों का निकलना दूभर हो गया.बारिश का गंदा पानी सड़कों पर बह निकला और जगह-जगह कीचड़ जमा हो गया.**

किसानों के लिए यह बारिश राहत लेकर आई है. धान और सोयाबीन की फसल को सीधा लाभ मिला है.वहीं नगर की सड़कों पर जलभराव से स्कूली बच्चों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा.हमेशा की तरह स्तूप रोड और रामलीला रोड पर दो से तीन फीट तक पानी तेज रफ्तार से बहता रहा.जानकारी के अनुसार नगर से बारिश के पानी की निकासी के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग और स्थानीय प्रशासन द्वारा करोड़ों रुपए की लागत से नाले तो बनाए गए, लेकिन अंदरूनी सड़कों पर जलभराव की समस्या जस की तस बनी हुई है.अतिक्रमण भी इस समस्या का प्रमुख कारण माना जा रहा है. विभिन्न शहरों में समय-समय पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई होती रही है, लेकिन सांची में प्रशासन पर अतिक्रमण पूरी तरह हावी है.नतीजतन हर बारिश में आमजन को खासी दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं, जबकि प्रशासन बेखबर बना बैठा है.

**सम्राट उदय-2025** | **विद्यार्थियों को बताया कि छात्र जीवन में क्या करें, क्यूं करें और कैसे करें**

# एसएटीआई में पांच दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा, सम्राट अशोक अभियांत्रिकीय संस्थान में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए पांच दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम सम्राट उदय-2025 का शुभारंभ 18 अगस्त सोमवार को संस्था के ओपन स्टेज में हुआ.सर्वप्रथम विद्यार्थियां को तिलक लगाकर अभिनंदन किया एवं रजिस्ट्रेशन कर आइडेंटिटी कार्ड एवं किट वितरित की गई. सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ.अतिथियों के स्वागत के बाद सम्राट उदय-2025 के कोआर्डिनेटर डॉ. आशीष मानोरिया ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया.उन्होंने संस्था के इतिहास, परंपरा और मुख्य अतिथि के कृतित्व पर प्रकाश डाला.उन्होंने विश्वास दिलाया कि यदि विद्यार्थी मन लगाकर पढ़ाई करे और सभी एक्टिविटीज में शामिल हो तो वह अपने व्यक्तित्व को निखारकर एक बेहतरीन और सफल व्यक्ति बनेगा और अपने परिवार, संस्था और देश का नाम रोशन करेगा.**



कम्प्यूटर साइंस की विभागाध्यक्ष डॉ. कनक सक्सेना ने कहा कि हमेशा आत्मविश्वास से भरपूर रहें और जीवन में शार्टकट्स का उपयोग न करें.अपने प्रश्नों के लिए गूगल बाबा, चेट जीपीटी या ए.आई. पर निर्भर न रहें.प्रश्नों के हल खुद खोजें. हमारा प्रयास रहेगा कि आप लोग यूजर नहीं बनें बल्कि क्रियेटर व डेवलपर बनें.हमेशा प्रतिस्पर्धा स्वयं से करें और रोज नया और बेहतर बनने का प्रयास करें.निदेशक डॉ. वायके जैन ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का अभिनंदन कर संस्था के महान इतिहास और उच्च पदों पर बैठे पूर्व छात्रों के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि आपको जीवन में कई बार एसएटीआई के नाम और पूर्व छात्रों का सहयोग मिलेगा.उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम अपनी रूचि और स्किल्स को खोजें तथा अपने पेशन को ही प्रोफेशन बनाएं ताकि संघर्ष के समय बोरियत नहीं होगी. हम आपको शिक्षा और तकनीक के साथ दुनियादारी भी सिखाएंगे। जीवन में संघर्ष करें, आपदाओं से डरें नहीं उनमें अवसर ढूंढें और हर हाल में नशे से बचें. किसी भी हालात में कोई नशा न करें और न अपने मित्रों को करने दें.महाराजा जीवाजीराव एज्युकेशन सोसायटी के चेयरमेन एवं केन्द्रीय संचार मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया ने अपने वीडियो संदेश में सभी नवप्रवेशित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए संस्था में ऐतिहासिक एडमीशन होने पर निदेशक डॉ. वायके जैन एवं उनकी पूरी टीम को बधाई दी.उन्होंने सम्राट अशोक और एसएटीआई की गौरवशाली परंपरा पर चर्चा करते हुए कहा कि आप लोग आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के भावी आर्किटेक्ट हैं. उन्होंने प्राध्यापकों से कहा कि आपको अपने ज्ञान का हस्तांतरण विद्यार्थियों को कर उन्हें सफल और बेहतरीन इंसान बनाना है.आयोजन के मुख्य अतिथि लाइफ कोच, मोटिवेशनल स्पीकर और कारपोरेट ट्रेनर डॉ. राजीव अग्रवाल ने कहा कि आपने बीज को अंकुरित होकर बड़ा वृक्ष बनते देखा होगा, लेकिन विश्वास करो यह ताकत सिर्फ बीज की नहीं है बल्कि धरती, मिट्टी और उससे मिलने वाले पानी, मिनरल्स से ही बीज एक विशाल वृक्ष बन सका है। इसलिए इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रवेशे लेने वाले विद्यार्थी पूरे चार साल संस्था, विभाग और प्राध्यापकों से जुड़े रहें। यहां ज्ञान की बारिश हो रही है, यह आपके ऊपर है कि आप कितना संग्रह करते हैं.जीवन में यदि ऊंचा उड़ना है तो हल्के हो जाओ। पुरानी आदतें, पुरानी सोच, पुराने विचार, पुराने ढंग और पुराने लोगों को त्यागें और कुछ नया व सकारात्मक करें.

डॉ. अग्रवाल ने कहा कि जीवन में आने वाली छोटी परेशानियां, उठा-पटक ही आपको बेहतर इंसान बनाती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को पांच नियम बताते हुए कहा कि कौओं की तरह चेष्टा रखें, बगुले की तरह फोकस रखें, श्वान की तरह अलर्ट रहकर नींद लें, अल्पाहारी बनें अनावश्यक चीजों को पेट में और दिमाग में न रखें तथा गृहत्यागी मतलब अनावश्यक लोड लेना, दुखी होना आदि छोड़ दें. जिस काम से डर लगता हो उसे जरूर करें, कम्फर्ट जोन से बाहर निकलें.हमेशा याद रखें कि जीवन में प्यार, सम्मान और सफलता मांगने से या जबरदस्ती करने से नहीं मिलती.यह मिलेंगे जब आप उसके योग्य होंगे.इसलिए प्यार, सम्मान और सफलता के योग्य बनें.अंत में निदेशक डॉ. वायके जैन ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया. डॉ. अभिषेक जैन ने आभार व्यक्त करते हुए संस्था के प्रबंधन, निदेशक, नवप्रवेशित विद्यार्थियों के पालकों एवं सम्राट उदय-2025 टीम के सभी मेम्बर्स के नाम का जिक्र कर उनका आभार व्यक्त किया. इस अवसर पर डीन एकेडेमिक डॉ. आलोक जैन, डीन आरएंडडी डॉ. जितेंद्र पाराशर, परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजेंद्र दुबे, सम्राट उदय-2025 के कोआर्डिनेटर डॉ. आशीष मानोरिया सहित सभी विभागाध्यक्ष मौजूद रहे.लंच के बाद द्वितीय सत्र में डीन एकेडेमिक डॉ. आलोक जैन ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को शैक्षणिक प्रक्रिया, परीक्षा एवं मूल्यांकन प्रक्रिया तथा एनपीटीईएल कोर्सेस से संबंधित जानकारी दी. निदेशक डॉ. वायके जैन ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों के माता-पिता से मीटिंग कर उन्हें आवश्यक जानकारियां मुहैया कराईं और उनकी शंकाओं का समाधान किया.शाम 3.30 बजे एप्लाईड साइंस के विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज दातार ने रोल ऑफ साइंस इन डेली लाइफ विषय पर सारगर्भित एवं विज्ञान से ओतप्रोत उद्बोधन दिया.


**बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बीपेक्स मुंगवारा**

पंजीयन 468/10/12/1992 — दिनांक 18/8/25

**वार्षिक आमसभा सूचना**

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित मुंगवारा के सभी अंशधारी सम्माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की बार्षीक आमसभा का आयोजन दिनांक 2/9/2025 दिन मंगलवार को दोपहर एक बजे से संस्था कार्यालय मुंगवारा में समिति गोडाउन भवन मुंगवारा में संस्था के ठहराव क्रमांक 68 दिनांक 2/8/2025 दिन शनिवार के अनुसार तय की गई है। गणपूर्ती कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में आम सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधा घंटे पश्चात होगी, जिसमें गणपूर्ती की आवश्यकता अनिवार्य नहीं होगी। बैठक का विस्तृत एजेंडा सभी सम्माननीय सदस्यों को डाक द्वारा भेजा जा रहा है बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

**कु.संजना दांगी** — समिति प्रबंधक बी पेक्स मुंगवारा
**किशोर कुमार अहरवाल** — प्रशासक बी पेक्स मुंगवारा

**बहुउद्देशीय कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बी पेक्स अंडिया**

पंजीयन क्रमांक 469/10/12/1992 — दिनांक 18/8/25

**:: वार्षिक आमसभा सूचना ::**

बहुउद्देशीय कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित अंडिया के सभी अंशधारी सम्माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की बार्षीक आमसभा की बैठक का आयोजन संस्था के ठहराव क्रमांक 61 दिनांक 6/8/2025 बुधवार के अनुसार दिनांक 03/9/25 दिन बुधवार स्थान समिति गोडाउन भवन अंडिया में दोपहर एक बजे तय की गई है। गणपूर्ती कोरम के अभाव में स्थगित शुदा बैठक आधा घंटे पश्चात उसी दिन उसी स्थान पर होगी जिसमें गणपूर्ती की आवश्यकता अनिवार्य नहीं होगी। बैठक का विस्तृत एजेंडा सभी सम्माननीय सदस्यों को डाक द्वारा भेजा गया है बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

**बृजेश कुमार शर्मा** — प्रबंधक -बी पेक्स अंडिया
**किशोर कुमार अहरवाल** — प्रशासक-बी पेक्स अंडिया

**बहुउद्देशीय कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बी पेक्स वन**

पंजीयन क्रमांक 467/10/12/1992 — दिनांक 18/8/2025

**वार्षिक आमसभा सूचना**

बहुउद्देशीय कृषि साख सहकारी समिति वन के सभी सम्माननीय अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की बार्षिक आम सभा का आयोजन की बैठक दिनांक 04/9/2025 दिन गुरुवार को स्थान समिति गोडाउन भवन वन में दोपहर एक बजे से संस्था कार्यालय वन के ठहराव क्रमांक 15 दिनांक 01/8/25 दिन शुक्रवार के अनुसार तय की गई है। गणपूर्ती कोरम के अभाव में बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधा घंटे पश्चात होगी, जिसमें गणपूर्ती कोरम की आवश्यकता अनिवार्य नहीं होगी। बैठक का विस्तृत एजेंडा सभी सम्माननीय सदस्यों को डाक द्वारा भेजा गया है।बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

**बृजेश कुमार शर्मा** — प्रबंधक -बी पेक्स अंडिया
**किशोर कुमार अहरवाल** — प्रशासक-बी पेक्स अंडिया

- शव वाहन / फ्रीज़र
- ब्लड ग्रुप लिस्ट
- मरीज इलाज उपकरण
- पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
- देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए

निःशुल्क सेवा

शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के बगल में स्थित सुनो रेडियो स्टेशन पर संपर्क करें

बजने लगा है
विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित
सुनो RADIO
प्ले स्टोर से डाउनलोड करके जुड़िये सुनो RADIO से